मूल्य : 200/-

# परीक्षा मंथन®

# 72वीं बीपीएससी (BPSC) प्रारंभिक परीक्षा, 2026

## 'करेंट अफेयर्स एवं सामान्य ज्ञान विशेषांक'

**भाग-1**

### करेंट अफेयर्स ईयरबुक

**20 मई, 2026 तक करेंट अफेयर्स अद्यतन**

## विषय-प्रवेश


विषय-सूची 1-6

**1. बिहार करेंट अफेयर्स 7-25**

● शासन/प्रशासन ● योजना/परियोजना/पहल/अभियान/कार्यक्रम/मिशन ● अर्थव्यवस्था ● विधि एवं न्याय ● अधोसंरचना परिवहन एवं ऊर्जा ● विज्ञान, स्वास्थ्य एवं पोषण ● पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी ● शिक्षा एवं मानव संसाधन ● ऐप/पोर्टल ● कृषि, पशुपालन एवं उद्योग ● कला एवं संस्कृति ● पर्यटन ● चर्चित व्यक्तित्व ● चर्चित स्थल ● विविध ● पुरस्कार ● खेलकूद ● बिहार बजट 2026-27 और बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 ● बिहार वन लाइनर

**2. बिहार सामान्य ज्ञान 26-43**

● बिहार : एक परिचय ● बिहार : भौगोलिक परिदृश्य ● बिहार : ऐतिहासिक परिदृश्य ● बिहार : सांस्कृतिक परिदृश्य ● पर्यटन स्थल ● जलवायु ● अपवाह प्रणाली ● नदियों के किनारे स्थित प्रमुख नगर ● प्रमुख झरने/जलप्रपात ● प्रमुख जलकुण्ड एवं उनका उद्‌गम स्थल ● बिहार की मिट्टियाँ ● कृषि ● बिहार की प्रमुख फसलें एवं उत्पादक क्षेत्र ● सिंचाई ● पशुपालन ● उद्योग ● बिहार की प्रमुख जनजातियां ● खनिज संसाधन ● बिहार : परिवहन तंत्र ● सूचना एवं संचार व्यवस्था ● बिहार में वन व वन्यजीव अभयारण्य ● संस्थान, संग्रहालय, पुस्तकालय ● बिहार के प्रमुख जिलों में स्थित प्रमुख संस्थान ● जीआई टैग (बिहार) ● बिहार से संबंधित अमूर्त सांस्कृतिक विरासत ● विविध ● जनगणना, 2011 के अनुसार बिहार की जनसंख्या ● बिहार जाति जनगणना या बिहार जाति आधारित सर्वेक्षण, 2022-23

**3. राष्ट्रीय परिदृश्य 44-62**

● पीएम मित्र पार्क ● सिक्किम भारत का पहला पेपरलेस न्यायपालिका वाला राज्य ● भारत अब विश्व का पाँचवाँ सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश ● मध्य प्रदेश विधानसभा का महिलाओं के लिये 33% आरक्षण ● लद्दाख में 5 नए जिलों का गठन ● आंध्र प्रदेश में भारत की पहली निजी स्वर्ण खनन परियोजना ● नारी शक्ति युवा संसद ● विश्व की सबसे बड़ी और भारत की पहली डिजिटल जनगणना ● राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 2026 ● कावेरी नदी बेसिन में जल संकट ● अवैध आप्रवासियों के लिये नवीन निर्वासन नीति ● परिसीमन में उत्तर-दक्षिण विभाजन का संतुलन ● पंजाब-राजस्थान जल विवाद ● भारत का राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित अंशदान (2031-35) ● वामपंथी उग्रवाद-मुक्त भारत ● जियाओकांग विलेज तथा भारत की सीमा सुरक्षा ● भारत में शैक्षिक चुनौतियों के समाधान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका ● प्रहार-आतंकवाद विरोधी नीति ● केरल से केरलम तक की यात्रा ● गिग वर्कर्स को सामकिक सुरक्षा ● सीमावर्ती देशों के लिए भारत की प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) नीति में परिवर्तन ● भारत में एलपीजी आपूर्ति संकट ● उत्तर प्रदेश बना 100 प्रतिशत ओडीएफ प्लस राज्य ● भारत में प्रपत्र 7 विवाद ● प्लास्ट इंडिया, 2026 ● AI हेतु भारत का MANAV विजन ● NGT द्वारा ग्रेट निकोबार परियोजना को स्वीकृति ● मेघालय में रैट-होल माइनिंग ● जलज आजीविका केंद्र ● चटरगला दर्रा ● भारत के गणतंत्र दिवस समारोह की मुख्य अतिथि और भारत के गणतंत्र दिवस समारोह ● शक्सगाम घाटी और भारत एवं चीन के मध्य टकराव ● राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर ● संविधान का संथाली संस्करण और 'ओल चिकी' लिपि ● भीमा नदी जल विवाद ● परम वीर दीर्घा ● चो ला और डोक ला अब आम पर्यटकों के लिए खोला गया ● राष्ट्र प्रेरणा स्थल ● गणतंत्र दिवस परेड 2026 में भारतीय सेना के पशु दल का पहला प्रदर्शन ● प्रोजेक्ट हनुमान ● विशेष गहन पुनरीक्षण ● महाराष्ट्र-स्टारलिंक सेवा समझौता : डिजिटल समावेशन ● डिजिटल हब फॉर रेफरेंस एंड यूनिक वर्चुअल एड्रेस (ध्रुवा) ● स्वदेशी 4G सेवा ● सेवा तीर्थ और लोकभवन ● केरल : भारत का सबसे बुजुर्ग राज्य ● संचार साथी ऐप प्री-इंस्टॉल अनिवार्यता ● राष्ट्रीय ध्वज रिसाइकिल सेंटर : अटल रिसाइकिल सेंटर ● जीएसटी 2.0 ● कश्मीर से दिल्ली दैनिक पार्सल ट्रेन सेवा ● त्रिपुरा, मिजोरम एवं गोवा के बाद हिमाचल प्रदेश भी पूर्ण साक्षर राज्य ● भारत की पहली AI-संचालित आंगनवाड़ी ● SHG महिलाओं को पहचान पत्र जारी करने वाला पहला राज्य : तमिलनाडु ● भारत को एआईबीडी कार्यकारी बोर्ड का अध्यक्ष चुना गय ● भारत का पहला स्मार्ट बुद्धिमान गाँव : सतनावरी ● भारत का पहला पूर्ण डिजिटल साक्षर राज्य : केरल ● प्रथम निजी भारी जल परीक्षण सुविधा ● भारत का पहला हिंदी माध्यम एमबीबीएस कॉलेज : जबलपुर ● दूरसंचार नीति 2025 ● 80% ग्रामीण परिवारों तक पहुंचा पाइप का पेयजल ● स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 ● भारत फोरकास्टिंग सिस्टम ● 'रो-रो' फेरी सेवा ● पशुपालन और मुर्गीपालन को कृषि का दर्जा : महाराष्ट्र ● सिक्किम में भारत का पहला डिजिटल घुमंतू गाँव : याकटेन ● दुनिया की पहली

पारंपरिक ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी : भारत ● भारत की समुद्री तटरेखा और द्वीपों की नई गणना ● राष्ट्रपति तपोवन और राष्ट्रपति निकेतन ● शिपकी ला दर्रा ● इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (IBCA) की पहली बैठक ● अरुणाचल प्रदेश : 2025-2035 जलविद्युत दशक ● भारत के लोकपाल का नया आदर्श वाक्य- नागरिकों को सशक्त बनाएँ, भ्रष्टाचार को उजागर करें ● पहला स्वदेशी ध्रुवीय अनुसंधान पोत ● स्थलीय बंदरगाह से बांग्लादेशी आयात पर प्रतिबंध ● भारत का पहला पूर्ण साक्षर राज्य ● भारत का पहला परिवर्तनीय गति पंप भंडारण संयंत्र ● दीव, सौर ऊर्जा से चलने वाला भारत का पहला जिला ● विश्वनाथ कार्तिकेय पदकांति ● भारतीय विदेश व्यापार संस्थान ● गोवा में ध्रुवीय भवन और सागर भवन केंद्र ● दिल्ली विधानसभा : पूरी तरह सौर ऊर्जा से संचालित होने वाली देश की पहली विधानसभा ● भारत में प्रमुख अंतर्राज्यीय नदी जल विवाद ● ऑपरेशन ब्रह्मा ● ऑपरेशन सिंधु ● पहलगाम आतंकी हमला ● जेकेआईएम और एएसी ● दुनिया का सबसे बड़ा डाटा सेंटर ● फोर्ट विलियम अब विजय दुर्ग ● भारत दूध उत्पादन में प्रथम ● छठा अंतर्राष्ट्रीय बाजरा महोत्सव ● ऑपरेशन शिव ● ऑपरेशन सिंदूर ● ऑपरेशन सिंदूर का सबसे छोटा योद्धा : श्रवण सिंह ● अरुणाचल प्रदेश में सुदूर अंतरिक्ष प्रयोगशाला ● भारत की पहली खनन पर्यटन परियोजना : झारखंड ● भारत की पहली जनजातीय जीनोम अनुक्रमण परियोजना : गुजरात ● भारत की पहली क्षेत्रीय भाषा की एआई न्यूज एंकर 'अंकिता' ● FTII को 'मानित विश्वविद्यालय संस्थान' का दर्जा

**4. अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य** 63-80

● रोहिंग्या शरणार्थी संकट ● यूएई का ओपेक (OPEC) से त्यागपत्र और उसके वैश्विक निहितार्थ ● भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता ● भारत-जापान साझेदारी में नया अध्याय ● होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव और वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा संकट ● ईरान के खार्ग द्वीप पर अमेरिकी हमला ● अमेरिका-इजरायल-ईरान संघर्ष का भारत पर भू-आर्थिक प्रभाव ● अमेरिकी राष्ट्रपति की टैरिफ शक्तियाँ और सर्वोच्च अदालत का फैसला ● अशांति और संघर्ष से जूझ रहे विश्व के प्रमुख देश ● भारत–कनाडा संबंधों में सुधार की नई पहल ● पाकिस्तान- अफगानिस्तान सीमा विवाद ● बोर्ड ऑफ पीस ● अमेरिका-इंडिया कनेक्ट पहल ● भारत और ब्राजील सहयोग ● भारत-फ्राँस वैश्विक रणनीतिक साझेदारी ● किंबर्ले प्रोसेस 2026 का अध्यक्ष भारत ● भारत-अमेरिका व्यापार समझौता 2026 ● भारत-कनाडा संबंध ● वीमर त्रिकोण ● यूरोपीय संघ-मर्कोसुर समझौता ● यूएनईपी एफआई इम्पैक्ट सेंटर ● सैंक्शनिंग रशिया एक्ट 2025 ● न्यू स्टार्ट संधि का अवसान ● अमेरिका की अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के संदर्भ में एक्जिट पॉलिसी ● सोमालीलैंड को मान्यता संबंधी मुद्दा ● रैपिड फाइनेंसिंग इंस्ट्रूमेंट ● 2026 के प्रमुख आपरेशन ● ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिज़ॉल्व ● 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' ● ऑपरेशन फतह-ए-खैबर ● डिजिटल नोमैड वीजा ● थाईलैंड और कंबोडिया संघर्ष विराम ● मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2026 ● मोई नदी ● एनवीडिया चिप्स ● वेनेजुएला संकट ● 23वां भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन, 2025 ● दक्षिण अफ्रीका में श्वेतों पर उत्पीड़न ● भारत अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन में पुनः निर्वाचित ● ओटावा में खालिस्तान जनमत संग्रह ● भारत-भूटान संबंध ● बांग्लादेश में शेख हसीना को मौत की सजा ● एकीकृत जलवायु परिवर्तन एवं व्यापार मंच : कोप 30 ● C5+1: मध्य एशिया और संयुक्त राज्य अमेरिका ● जी-2 ● 8वीं अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) सभा (2025) ● चीन-अमेरिका खनिज समझौता ● अमेरिका-ऑस्ट्रेलिया रेयर अर्थ मिनरल्स समझौता ● भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा ● संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद् के लिए भारत 7वीं बार निर्वाचित ● भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता ● पाकिस्तान और अफगानिस्तान विवाद ● आर्मेनिया-अजरबैजान शांति समझौता ● मेडागास्कर में सैन्य तख्तापलट ● सऊदी अरब ने खत्म किया कफाला सिस्टम ● दीएला : विश्व की पहली एआई-निर्मित मंत्री ● पाकिस्तान-सऊदी अरब रक्षा समझौता ● भारत-सिंगापुर द्विपक्षीय संबंध ● भारत-मॉरीशस द्विपक्षीय संबंध ● पापुआ न्यू गिनी के 50वें स्वतंत्रता दिवस में शामिल हुआ आईएनएस कदमत्त ● भारत-ई.एफ.टी.ए. व्यापार समझौता : एक नया आर्थिक अध्याय ● शंघाई सहयोग संगठन की 25वीं राष्ट्राध्यक्ष परिषद की बैठक ● गाजा में अकाल : मानवीय संकट ● स्टोलेन डंकी, स्टोलेन फ्यूचरः डंकी सैंक्चुअरी रिपोर्ट ● पाकिस्तान-अफगानिस्तान–उज्बेकिस्तान त्रिपक्षीय रेल परियोजना ● संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पांच नए अस्थायी सदस्य ● ग्रैंड इथियोपियन रेनेसां डैम (GERD) ● मशरेक बैंक ● क्वाड विदेश मंत्री बैठक 2025 ● ऑपरेशन बेशरत फतह ● ऑपरेशन मिडनाइट हैमर ● ईरान का ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 3 ● इजराइल का 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' और नतांज परमाणु संवर्धन संयंत्र ● ऑपरेशन गिदोन चैरियट्स ● 'बुनयान उल मरसूस' अभियान ● संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद ● अंतर्राष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान की अध्यक्षता : भारत ● ऑस्ट्रेलिया में बच्चों के यूट्यूब अकाउंट पर प्रतिबन्ध ● यूरो मुद्रा क्षेत्र ● गादेन फोडरंग ट्रस्ट ● संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद रोधी समिति ● दुनिया के सबसे बड़े तांबे के भंडार की खोज ● अंगोला आईएसए में शामिल ● भारत द्वारा IORA की अध्यक्षता ● पहला वेव्स शिखर सम्मेलन, 2025 ● जापान का 3डी प्रिंटेड रेलवे स्टेशन ● प्वाइंट नेमो : पृथ्वी का सबसे एकांत स्थान ● ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध ● बाल्ड ईगल

**5. नवीनतम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन** 81-84

● एआई इम्पैक्ट समिट, 2026 ● रायसीना संवाद 2026 ● G-20 शिखर सम्मेलन 2025 ● 7वां कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन ● COP-30 ● BIMReN सम्मेलन 2025 ● एपेक शिखर सम्मेलन 2025 ● भारत-आसियान शिखर सम्मेलन, 2025 ● गाजा शांति शिखर सम्मेलन 2025 ● अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन सम्मेलन ● शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन 2025 ● 17वाँ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन और रियो डी जेनेरियो घोषणा ● नाटो शिखर सम्मेलन 2025 ● 51वां जी7 शिखर सम्मेलन-2025 ● बिम्सटेक शिखर सम्मेलन, 2025

**6. आर्थिक परिदृश्य** 85-93

● आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) वार्षिक रिपोर्ट, 2025 ● IMF द्वारा वैश्विक विकास के अनुमान में कटौती ● यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) के 10 वर्ष ● भारत में कृषि ऋण माफी ● भारत टेक्स 2026 सम्मेलन ● विश्व बैंक द्वारा जारी भारत का जीडीपी ग्रोथ अनुमान ● बहु-मुद्रा व्यवस्था की ओर दुनिया ● रुपये की गिरावट के मूल कारण ● भारत में माइक्रोसॉफ्ट का विशाल निवेश : 'एआई-प्रथम भविष्य' के लिए 17.5 बिलियन डॉलर (1.5 लाख करोड़ रुपये) ● 16वां वित्त आयोग : शहरी शासन सुधारों को नई मजबूती ● नवीन जीडीपी आधार वर्ष ● राष्ट्रीय आय का पहला अग्रिम अनुमान ● सकल घरेलू उत्पाद एवं निवल घरेलू उत्पाद ● स्टेबलकॉइन ● पैसिव फंड्स ● ग्लोबल पावर शिफ्ट ● चक्रीय अर्थव्यवस्था ● आईएमएफ द्वारा जारी भारत का वृद्धि दर अनुमान ● परिसंपत्ति

मुद्रीकरण ● भारत में चौथी औद्योगिक क्रांति का प्रारंभ ● UPI को IMF द्वारा विश्व की सबसे बड़ी रियल-टाइम पेमेंट प्रणाली के रूप में मान्यता ● इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट ● इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट फंड (EDF) ● RBI-ECB भुगतान समझौता ● सेमीकॉन इंडिया 2025 ● 8वां वेतन आयोग ● सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड ● भारत का स्वर्ण भंडार 100 अरब डॉलर पार ● भारत और मर्कोसुर ब्लॉक : व्यापार समझौते का विस्तार ● भारत में वैश्विक क्षमता केंद्र ● प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का भारत में बढ़ता प्रवाह ● भारत की जीडीपी वृद्धि ● स्नेह अर्थव्यवस्था ● भारत का एथेनॉल कोडिंग पेट्रोल लक्ष्य ● नीली अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र ● IRCTC और IRFC को नवरत्न का दर्जा दिया गया ● परिसंपत्ति मुद्रीकरण ● प्रेस्टन वक्र ● सकल स्थिर पूंजी निर्माण ● विंडफॉल टैक्स ● विलफुल डिफॉल्टर ● दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चाय निर्यातक बना भारत ● कपास पर आयात शुल्क की समाप्ति ● मासिक प्रति व्यक्ति व्यय ● उपभोग असमानता ● गिनी गुणांक ● एंटिटी लॉकर ● 34 साल बाद जर्मनी बना दुनिया का सबसे बड़ा ऋणदाता ● तीन डिफेंस PSU को मिला मिनीरत्न का दर्जा

**7. आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 एवं केंद्रीय बजट 2026-27** **94-103**

● आर्थिक सर्वेक्षण : 2024-25 ● केंद्रीय बजट 2025-26

**8. विधिक परिदृश्य** **104-112**

● न्यायिक एकांतवास ● जन विश्वास (संशोधन) विधेयक, 2025-26 ● महाराष्ट्र धार्मिक स्वतंत्रता विधेयक, 2026 ● दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025 ● ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2026 ● शांति अधिनियम ● केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) अधिनियम, 2025 ● अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्तावः संवैधानिक प्रक्रिया और निहितार्थ ● यूजीसी इक्विटी विनियम, 2026 ● राज्यपाल का सदन से वॉकआउट और संवैधानिक मुद्दे ● झारखंड में 25 साल बाद पेसा (PESA) कानून लागू -आदिवासी स्वशासन की ऐतिहासिक वापसी ● रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) : वीबी–जी राम जी (विकसित भारत-जी राम जी) विधेयक, 2025 ● हेट स्पीच और हेट क्राइम ● राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 ● हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस विधेयक, 2025 ● डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियम, 2025 ● असम बहुविवाह निषेध विधेयक, 2025 ● विदेशी एवं आप्रवासन अधिनियम, 2025 ● ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 ● शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में ओ.बी.सी. आरक्षण ● मूल अधिवास आधारित आरक्षण ● राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम 2025 ● न्यायिक सेवा में तीन वर्ष की वकालत अनिवार्य ● उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू ● सर्वोच्च न्यायालय के 75 वर्ष ● **सुप्रीम कोर्ट के महत्त्वपूर्ण निर्णय**—● एस.सी. का दर्जा और धर्म संपरिवर्तन ● सुप्रीम कोर्ट द्वारा निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति ● मासिक धर्म : स्वास्थ्य का अधिकार ● नार्को टेस्ट पर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय ● भारत में व्यंग्य की स्वतंत्रता पर रोक ● भारत में व्यंग्य की स्वतंत्रता पर रोक ● अमेजन की डंक रहित मधुमक्खियों को कानूनी अधिकार ● तलाक-ए-हसन और सुप्रीम कोर्ट ● मानसिक स्वास्थ्य मौलिक अधिकार : सर्वोच्च न्यायालय ● सर्वोच्च न्यायालय का लैंगिक न्याय पर निर्णय ● राज्यों में परिसीमन पर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय ● अपना घर मौलिक अधिकार : सुप्रीम कोर्ट ● डिजिटल अधिकार मौलिक अधिकार : सुप्रीम कोर्ट ● दिव्यांगता अधिकार मूल अधिकार ● समाजवादी और धर्मनिरपेक्षता संविधान का अभिन्न अंग

**9. विज्ञान/प्रौद्योगिकी एवं अंतरिक्ष** **113-124**

● **विज्ञान/प्रौद्योगिकी**—● AI चैटबॉट 'अभय' ● एटलस ड्रोन स्वार्म सिस्टम ● मेमरिस्टर ● होल-एक्सोम सीक्वेंसिंग ● अंतरिक्ष आधारित सौर ऊर्जा ● क्वांटम कंप्यूटिंग ● एआई और साइबर सुरक्षा का नया अध्याय : मिथोस मॉडल ● क्वांटम एंटैंगलमेंट ● लेबर मार्केट पर AI इंपैक्ट स्टडी ● AI वारफेयर के युग में भारत की सुरक्षा ● ड्रोग पैराशूट का सफल परिक्षण ● लद्दाख टेलीस्कोप ● भारत की अंतरिक्ष मिशन में विफलताएँ ● रमन ड्रिवन स्पिन नॉइज स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीक ● एमपेंबा प्रभाव ● एकम एआई ● PathGennie ● भारत में माइक्रोप्रोसेसर का विकास एवं ध्रुव64 ● कॉस्मिक फिलामेंट ● जी.पी.एस. स्पूफिंग ● CAR-T सेल थेरेपी : भारत की पहली स्वदेशी कैंसर उपचार तकनीक ● फोटॉनिक्स ● क्वांटम इकोज ● जोहो प्लेटफॉर्म ● कैरेली चिप ● एचएएल और एसएसएलवी समझौता ● सक्षम-3000 ● भारत का पहला स्वदेशी ध्रुवीय अनुसंधान पोत ● अंतर्राष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान की अध्यक्षता भारत द्वारा ● सूर्य के दक्षिणी ध्रुव का प्रथम चित्रण ● 'भारत जेन' ● सी टर्टल रोबोट ● छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर ● **अन्तरिक्ष**– ● गैलेक्सआई का मिशन दृष्टि ● NASA का आर्टेमिस II मिशन ● नाविक ● लघु ग्रह केंद्र ● प्रोबा-3 मिशन ● 'क्लाउड-9' ● सेंटिनल-6बी उपग्रह ● टाइडल डिसरप्शन इवेंट ● CMS-03 उपग्रह ● भारत जापान का संयुक्त मिशन : चंद्रयान-5 (LUPEX) ● भारत 4 दशक में मंगल ग्रह पर बनाएगा आवास ● निसार उपग्रह ● कैसिनी अंतरिक्ष यान ● एस्ट्रोसैट के 10 वर्ष पूर्ण ● लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (SSLV) प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौता ● भारत का पहला अंतरिक्ष मिशन-गगनयान ● इसरो का HOPE मिशन ● ड्रोर-1 ● भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन ● यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का बायोमास उपग्रह मिशन ● Axiom-4 मिशन

**10. योजनाएं/परियोजनाएं/पहल/अभियान/कार्यक्रम/मिशन** **125-138**

● **केंद्र सरकार की योजना**—● 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-III' ● प्रधानमंत्री प्रशिक्षण योजना (पीएमआईएस) ● प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) ● IVFRT योजना ● उड़ान योजना ● समर्थ योजना ● प्रोजेक्ट चेतक ● लघु जल विद्युत विकास योजना ● RELIEF योजना ● भारत औद्योगिक विकास योजना ● अमृत भारत स्टेशन योजना ● बायो फार्मा शक्ति योजना ● मूनशॉट प्रोजेक्ट ● प्रसाद (PRASHAD) योजना ● प्रधानमंत्री राहत योजना ● एनएसपीएस स्वास्थ्य पेंशन योजना (NSPS) ● अटल पेंशन योजना ● ओपन-सी मरीन फिश फार्मिंग प्रोजेक्ट ● स्टार्टअप इंडिया के एक दशक ● गरीब कैदी सहायता योजना ● धातुमल दुर्लभ मृदा स्थायी चुम्बक योजना ● प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 25 वर्ष ● दुर्लभ खनिज चुंबक प्रोत्साहन योजना ● प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ● विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना ● इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण घटक योजना ● REPM विनिर्माण प्रोत्साहन योजना ● PM E-DRIVE योजना एवं 100% सब्सिडी पहल ● प्रधानमंत्री जन धन योजना के 11 वर्ष ● अनुसंधान, विकास एवं नवाचार योजना ● अपना घर विश्राम सुविधा योजन ● प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार

योजना ● MERITE योजना ● प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना ● प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के 10 वर्ष ● भारत डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के 10 वर्ष ● जीएसटी के आठ वर्ष ● अमृत मिशन के 10 वर्ष ● **राज्य की योजनायें**— ● 'कैच द रेन 2026' अभियान ● 'एक जिला-एक व्यंजन' योजना ● प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना : उत्तर प्रदेश ● दिल्ली में एम.एस.ई. हेतु गारंटी मुक्त ऋण पहल ● मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना ● मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना ● सेफ सिटी प्रोजेक्ट ● 'सहेली स्मार्ट कार्ड' योजना ● 'गज मित्र' योजना ● पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त ग्राम योजना ● 'राहवीर योजना' ● **अभियान/पहल/कार्यक्रम**— ● 'विश्व सूत्र' पहल ● भारत की हरित शासन पहल (2025-2030) ● नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) 2.0 ऐप ● डॉल्फिन फ्रेंड्स पहल ● e-SafeHER पहल ● शून्य अपशिष्ट पहल ● युवा एआई फॉर ऑल पहल और कौशल रथ अभियान ● महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल ● बाजार पहुँच सहायता पहल ● राष्ट्रीय उद्यमिता अभियान ● बाल विवाह-मुक्त भारत अभियान ● वी राइज पहल ● हमारा शौचालय, हमारा भविष्य अभियान ● 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान ● फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन कार्यक्रम ● आदि कर्मयोगी पहल ● एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान ● मेरा गाँव मेरी धरोहर (MGMD) पहल ● तलाश कार्यक्रम ● **परियोजना**— ● कमला जलविद्युत परियोजना ● लोअर कोपिली जलविद्युत परियोजना ● समृद्ध ग्राम फिजिटल सेवाएं पायलट परियोजना ● ग्रेट निकोबार परियोजना ● फिशिंग हार्बर परियोजना ● कमला जलविद्युत परियोजना ● वांगचू जलविद्युत परियोजना ● सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना (SLHEP) ● दुलहस्ती चरण-II जलविद्युत परियोजना ● मूसी नदी पुनर्विकास परियोजना ● ओजू जलविद्युत परियोजना ● एटालिन जलविद्युत परियोजना ● कोसी-मेची नदी संपर्क परियोजना ● गोदावरी-बनकाचेरला परियोजना ● **मिशन**— ● 'कपास उत्पादकता मिशन' ● मिशन सक्षम ● मिशन मित्रा ● दलहन आत्मनिर्भरता मिशन ● निर्यात प्रोत्साहन मिशन ● भारत सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 ● परमाणु ऊर्जा मिशन

**11. स्वास्थ्य — 139-143**

● मैमोग्राम ● मलेरिया और जीन ड्राइव तकनीक ● CALM-ब्रेन ● बैसिलस कैलमेट-गुएरिन ● टिटनेस एवं वयस्क डिप्थीरिया (टीडी) वैक्सीन ● RTS,S/AS01 : मलेरिया वैक्सीन ● ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) टीकाकरण अभियान ● HIV-रोकथाम इंजेक्शन–लेनाकापाविर ● सेमाग्लूटाइड ● निमेसुलाइड ● गोनोरिया उपचार के लिए नई ओरल दवाओं को मंजूरी ● ऑस्टियोपोरोसिस ● मायोग्लोबिन ● क्यासानूर वन रोग/बंदर बुखार (KFD) ● गिलियन-बैरे सिंड्रोम (GBS) ● लेजिओनेयर्स रोग ● क्षेत्रीय ओपन डिजिटल हेल्थ समिट 2025 ● इम्यूनोथेरेपी ● पहला दन्त केंद्रीय ऊतक बैंक ● नेग्लेरिया फाउलेरी ● केरल का पहला स्किन बैंक ● WHO की '3 बाय 35' पहल ● भारत का पहला अश्व रोग मुक्त कम्पार्टमेंट मेरठ में स्थापित ● प्राचीन मिस्र के जीनोम का पहला पूर्ण अनुक्रमण ● कोविड-19 टीकाकरण और अचानक मौत पर रिपोर्ट ● पोर्टेबल पॉइंट-ऑफ-केयर टेस्ट किट ● नक्षत्र कंप्यूटिंग सुविधा ● 'ग्वाडा नेगेटिव' रक्त समूह की खोज ● mRNA तकनीक : HIV उपचार ● वर्ष 2024-25 में प्रमुख बीमारियों से मुक्त हुए देश ● वर्ष, 2025 के विकसित टीके

**12. रक्षा/प्रतिरक्षा — 144-152**

● INS महेंद्रगिरि ● आईएनएस तारागिरी ● ब्लू स्पैरो मिसाइल ● शक्तिबाण रेजिमेंट ● प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' ● समुद्र के भीतर काम करने वाला मानव रहित वाहन ● ब्रह्मोस-2 मिसाइल ● डॉर्नियर 228 विमान ● अग्नि-3 इंटरमीडिएट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल ● पेचोरा मिसाइल प्रणाली ● इंडियन ओशन नेवल सिम्पोजियम ● DRDO की LR-AshM मिसाइल ● फायर एंड फॉरगेट मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल ● पिनाका लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट ● के-4 बैलिस्टिक मिसाइल ● आईएनएस अंजदीप ● मानव-पोर्टेबल वायु रक्षा प्रणाली (MANPADS) ● आईएनएसवी कौंडिन्या ● आईसीजीएस अमूल्य ● Su-57 स्टेल्थ फाइटर जेट्स ● मिग-21 लड़ाकू विमान ● दुबई एयर शो और तेजस फाइटर जेट दुर्घटना ● अमेरिका द्वारा भारत को मिसाइल बिक्री को मंजूरी ● रूस की नई परमाणु पनडुब्बी : 'खाबारोव्स्क' ● सुपर टॉरपीडो पोसाइडन ● बुरेवेस्टनिक क्रूज मिसाइल ● मिनटमैन-III परमाणु मिसाइल परीक्षण ● भारत ब्रिटेन लाइटवेट मल्टी रोल मिसाइल समझौता ● इंडिया मैरीटाइम वीक (IMW) 2025 ● बेरेचिड, मोरक्को ● अग्नि-प्राइम मिसाइल ● भारत त्रि-सेवा शिक्षा कोर और संयुक्त सैन्य स्टेशन ● संयुक्त कमांडर्स सम्मेलन 2025 ● ड्रोन युद्ध स्कूल ● एकीकृत हवाई रक्षा हथियार प्रणाली ● अग्नि-5 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण ● BSF का 'ऑपरेशन अलर्ट' ● प्रलय मिसाइल ● पैट्रियॉट मिसाइल ● INS माहे ● आईसीजीएस विग्रह ● INS अरिदमन ● तारागिरी ● आईएनएस एंड्रोथ ● भारतीय तटरक्षक बल का गश्ती पोत 'अटल' ● स्वदेशी पनडुब्बी रोधी युद्धपोत : अजय ● आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि ● INS निस्तार ● युद्धाभ्यास

**13. अधोसंरचना, परिवहन एवं ऊर्जा — 153-157**

● भारत का पहला बैरियर-लेस टोल सिस्टम : गुजरात ● कांकरिया भारत का पहला वाटर-न्यूट्रल रेलवे डिपो ● 'दिव्य दक्षिण यात्रा' : भारत गौरव पर्यटक ट्रेन ● भारत की पहली उन्नत 3डी सेमीकंडक्टर पैकेजिंग इकाई ● फ्लोटिंग लिडार बॉय सिस्टम ● प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर ● भारत, यूएई, साउदी अरब ऊर्जा एक्सचेंज ● भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन ● भारत में UN रोड सेफ्टी फाइनेंसिंग प्रोजेक्ट ● जिम्बाब्वे में SADC सतत ऊर्जा सप्ताह की शुरुआत ● राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन 2.0 ● भारत का पहला समर्पित क्वांटम और एआई विश्वविद्यालय परिसर ● भारत की पहली अंडरवाटर रेल सुरंग ● भारत में नई क्षेत्रीय एयरलाइन्स ● सहकारी आधारित टैक्सी सेवा : 'भारत टैक्सी' ● तेलंगाना में भारत की पहली लिथियम रिफाइनरी ● एएससी अर्जुन ● तत्क्षण सुरक्षा चेतावनी प्रणाली ● एशिया की सबसे लंबी स्की ड्रैग लिफ्ट ● श्योक सुरंग ● विश्व की सबसे बड़ी LEAP इंजन MRO सुविधा ● एसजे-100 ● गोड्डा पावर प्लांट ● उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में युरेनियम के भंडार ● देश की सबसे बड़ी रेल सुरंग ● नायरा रिफाइनरी पर वैश्विक प्रतिबंध ● भारत का पहला बांस-आधारित एथेनॉल प्लांट ● रॉयल भूटान बौद्ध मंदिर : राजगीर (बिहार) ● अमोनिया चालित ठोस ऑक्साइड फ्यूल सेल ● उत्तर प्रदेश का पहला हरित हाइड्रोजन संयंत्र : गोरखपुर ● भारत का पहला 'मेक इन इंडिया' हरित हाइड्रोजन संयंत्र ● NHAI का फास्टैग वार्षिक पास ● भारत में सेमीकंडक्टर में चार नए संयंत्रों की मंजूरी ● भारत का पहला ऑफ-ग्रिड ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट

**14. पर्यावरण एवं जैवविविधता** 158-163

● नई दिल्ली में पहला इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस शिखर सम्मेलन ● भारत का पहला पेट्रोग्लिफ संरक्षण पार्क लेह, लद्दाख ● गुजरात के जामनगर में वंतारा विश्वविद्यालय ● भवसागर रेफरल सेंटर ● बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य ● उमियम झील ● घास भूमियों के संरक्षण की वैश्विक एवं राष्ट्रीय आवश्यकता ● एक्सपोजोम ● दक्षिणी महासागर ● कांगेर घाटी ● चिल्लई-कलां ● कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण ● स्टेट ऑफ फाइनेंस फॉर नेचर 2026 ● रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व ● गोवा टाइगर रिजर्व ● गोकुल जलाशय, उदयपुर झील और गोगाबील झील भारत के नए रामसर स्थल ● भारत का एकमात्र मिट्टी का ज्वालामुखी फटा ● वैश्विक वन संसाधन मूल्यांकन 2025 ● ग्रीनवाशिंग (Greenwashing) क्या है? ● 16वीं एशियाई शेर गणना रिपोर्ट, 2025 ● भारत के पहले डुगोंग संरक्षण रिजर्व को IUCN ने औपचारिक रूप से मान्यता दी ● कोल्ड डेजर्ट बायोस्फीयर रिजर्व : यूनेस्को की सूची में शामिल ● तमिलनाडु का महावत गाँव ● हरियाणा में वन की नई परिभाषा ● जलवायु परिवर्तन पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का निर्णय ● काजीरंगा : प्रथम तृणभूमि पक्षी सर्वेक्षण ● असम में भारत का पहला एक्वा टेक पार्क ● बॉन जलवायु परिवर्तन सम्मेलन 2025 ● झारखंड की पहली टाइगर सफारी

**15. कला एवं संस्कृति** 164-172

● भारत का अंडमान में सबसे बड़े अंडरवॉटर झंडे के साथ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ● खासी और गारो अब मेघालय की आधिकारिक भाषा ● HAL एयरोस्पेस म्यूजियम ● ईस्टर द्वीप और प्राचीन रोंगोरोंगो लिपि ● बीजान्टिन साम्राज्य ● एलीफेंटा आइलैंड ● लांजिया साओरा समुदाय ● अमेरिका ने चोरी की गई 657 प्राचीन वस्तुएँ भारत को लौटाईं ● जेहनपोरा बौद्ध परिसर ● नागौरी अश्वगंधा को जी आई टैग ● पोंडुरु खादी को जीआई टैग ● मिस्र में भारतीय अभिलेख की खोज ● लिविंग रूट ब्रिज ● सोमनाथ स्वाभिमान पर्व ● नरसपुरम लेस क्राफ्ट ● पिपरहवा अवशेष ● नरेंद्र मोदी द्वारा पुतिन को दिए गए अनमोल तोहफे ● दीपावली यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल ● काशी तमिल संगमम 4.0 ● यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में अहोम साम्राज्य का चराइदेव मोइदम्स ● राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष ● अम्बाजी संगमरमर को भौगोलिक संकेतक (GI) टैग ● लेप्चा समुदाय के पारंपरिक वाद्ययंत्रों को GI टैग ● अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन, 2025 ● दिलमुन सभ्यता ● बुद्ध के पवित्र अवशेष की प्रदर्शनी ● भारत ने यूनेस्को की संभावित सूची में 7 नए स्थल जोड़े ● वर्ष 2025 में चर्चा में रहे सांस्कृतिक सम्मेलन/उत्सव/महोत्सव ● वर्ष 2025 में चर्चा में रहे प्रमुख नृत्य ● वर्ष 2025 में की गई प्रमुख प्राचीन खोजें

**16. कृषि एवं पशुपालन** 173-175

● लीफ स्पॉट डिजीज ● मोर्चेला (Morchella) मशरूम ● कृषि सखी पहल ● कृषि-फोटोवोल्टिक्स (एग्रीपीवी) ● मखाना बना ग्लोबल ब्रांड ● विलेजेज ऑफ एक्सीलेंस पहल ● शालीमार गेहूँ ● भारत का चावल उत्पादन ● करण फ्राइज और वृंदावनी गाय ● सरसों पर ओरबैंकी का संकट ● खोपरा ● साउथ इंडिया नेचुरल फार्मिंग समिट, 2025 ● एवीस्प्रे-10सी ● धान रोपाई की नई विधि : डीएसआर ● भारत दूध उत्पादन में प्रथम ● छठा अंतर्राष्ट्रीय बाजरा महोत्सव

**17. चुनाव एवं सत्ता परिवर्तन** 176-177


**18. 70वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा-2024 हल प्रश्नपत्र** 178-188

**19. 71वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा-2025 हल प्रश्नपत्र** 189-200


———————

## एडवाइजरी

प्रिय पाठकों,



परीक्षा मंथन का यह विशेष अंक 72वीं बीपीएससी (BPSC) संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा, 2026 को समर्पित है। इस अंक में 1 जनवरी, 2025 से 20 मई, 2026 तक की महत्त्वपूर्ण घटनाओं, परिघटनाओं एवं मुद्दों को तार्किक एवं वैज्ञानिक परिपाटी पर प्रस्तुत किया गया है। इस 'ईयरबुक' (करेंट अफेयर्स विशेषांक) का स्वरूप कुछ इस प्रकार है कि आपको न केवल दुर्लभ तथ्यों की जानकारी प्राप्त होगी बल्कि घटनाओं का विश्लेषण एवं अंतर्संबंध की गहरी समझ भी हो सकेगी। इसके अतिरिक्त हमने 'ईयरबुक' में इस तरह का तार्किक वर्गीकरण किया है कि एक तरह की घटनाएं आपको एक जगह पर प्राप्त होगी जिससे ज्ञान की समूची समझ आपके लिए सुलभ होगी। हमने इस अंक में बिहार करेंट अफेयर्स, बिहार बजट, 2026-27, बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26, बिहार सामान्य ज्ञान, केंद्रीय बजट 2026-27 एवं आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26, राष्ट्रीय परिदृश्य, अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य, अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, आर्थिक परिदृश्य, विधिक परिदृश्य, योजनाएं/परियोजनाएं/पहल/अभियान/कार्यक्रम, विज्ञान/प्रौद्योगिकी एवं अंतरिक्ष, पर्यावरण एवं जैवविविधता, स्वास्थ्य, रक्षा/प्रतिरक्षा, अधोसंरचना, परिवहन एवं ऊर्जा, कला एवं संस्कृति, कृषि एवं पशुपालन आदि को परीक्षोपयोगी दृष्टिकोण से तैयार किया है।

यह पुस्तक आपको घटनाओं के बारे में न केवल समझ बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी बल्कि आपकी ज्ञान के प्रति उत्सुकता को बढ़ाएगी एवं आपके व्यक्तित्व को नया आयाम देगी जो आपकी परीक्षाओं के लिए एक बेहतर दृष्टिकोण को प्रदर्शित करेगा। आशा है कि पाठकों के लिए यह अंक परीक्षोपयोगी सिद्ध होगा और परीक्षा में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा।

शुभकामनाओं के साथ...

आपका

**अनिल अग्रवाल**

**( संपादक )**


**संपादक :** अनिल अग्रवाल


**© सर्वाधिकार :** प्रकाशक


**प्रधान कार्यालय** : 7R/5 कैलाशपुरी कॉलोनी, ताशकंद मार्ग, सिविल लाइंस, प्रयागराज-211001

मोबाइल नं. : 09335151971

website : www.manthanprakashan.in

**email** : manthan.prakashan@gmail.com

www.facebook.com/parikshamanthan

**Telegram Channel** : https://t.me/ParikshaManthan

**Follow Instagram** :

https://www.instagram.com/ParikshaManthan

**YouTube channel** : youtube.com/ParikshaManthanOfficial

**पंजीकरण संख्या : 64777/96**

**मूल्य : 200/- ( दो सौ रुपये मात्र )**

**( सभी विवादों का निपटारा इलाहाबाद की सीमा में आने वाली सक्षम अदालतों और फोरमों में ही किया जायेगा। )**


SCAN TO PAY

WITH ANY BHIM UPI APP

Merchant Name : MANTHAN PRAKASHAN

vpa : manth81275631@barodampay

# बिहार करेंट अफेयर्स

● शासन/प्रशासन ● योजना/परियोजना/पहल/अभियान/कार्यक्रम/मिशन ● अर्थव्यवस्था ● विधि एवं न्याय ● अधोसंरचना परिवहन एवं ऊर्जा ● विज्ञान, स्वास्थ्य एवं पोषण ● पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी ● शिक्षा एवं मानव संसाधन ● ऐप/पोर्टल ● कृषि, पशुपालन एवं उद्योग ● कला एवं संस्कृति ● पर्यटन ● चर्चित व्यक्तित्व ● चर्चित स्थल ● विविध ● पुरस्कार ● खेलकूद ● बिहार बजट 2026-27 और बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 ● बिहार वन लाइनर

## शासन/प्रशासन

### बिहार में 'एकमुश्त यातायात चालान निपटान योजना'

- हाल ही में बिहार सरकार ने 'एकमुश्त यातायात चालान निपटान योजना' के अंतर्गत प्रथम राज्यव्यापी अभियान के दौरान बिहार में 20,000 से अधिक यातायात चालानों का निस्तारण किया।
- विदित हो कि बिहार परिवहन विभाग ने लंबित यातायात चालानों को निपटान तंत्र और लोक अदालत प्रणाली के माध्यम से निपटाने के उद्देश्य से अपना पहला राज्यव्यापी अभियान संचालित किया।
- यातायात चालान की यह पहल पटना उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ के निर्देशों के अनुपालन में शुरू की गई थी, जिसमें मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू और न्यायमूर्ति हरीश कुमार शामिल थे, जिन्होंने एक दीवानी रिट याचिका पर विचार किया था।

### बिहार में स्कूलों और सरकारी कार्यक्रमों में 'वंदे मातरम' अनिवार्य

- हाल ही में बिहार सरकार ने स्कूली कार्यक्रमों में 'वंदे मातरम' का गायन अनिवार्य कर दिया है और छात्रों के बीच देशभक्ति के मूल्यों तथा सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक राज्य गीत की शुरुआत की है।
- सामान्य प्रशासन विभाग ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सभी कार्यक्रमों और विद्यालयी दिनों में एक निर्धारित क्रम का पालन किया जाना चाहिये।
- कार्यक्रमों की शुरुआत राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' (बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित) से होनी चाहिये, जिसके तुरंत बाद राष्ट्रगान 'जन गण मन' (रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा रचित) गाया जाएगा।

### बिहार वन प्रोजेक्ट

- हाल ही में बिहार सरकार ने 'बिहारवन' (BiharOne) डिजिटल गवर्नेंस प्लेटफॉर्म को लागू करने के लिये कॉर्पोरेट इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड को 87 करोड़ रुपये का अनुबंध दिया, जिसका उद्देश्य सरकारी सेवाओं को एक एकल ऑनलाइन प्रणाली में एकीकृत करना है।
- 'बिहारवन' (BiharOne) एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे एक ही ऑनलाइन इंटरफेस के माध्यम से कई सरकारी सेवाएँ प्रदान करने के लिये डिजाइन किया गया है, जिससे सार्वजनिक सेवा वितरण सरल और अधिक सुलभ हो सके। विदित हो कि बिहारवन प्लेटफॉर्म के जुलाई 2026 तक चालू होने की उम्मीद है।

### बिहार में खनिजों के लिये अनिवार्य ट्रांजिट पास

- मार्च, 2026 में बिहार सरकार ने अवैध खनन को रोकने, पारदर्शिता सुनिश्चित करने और राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिये अन्य राज्यों से आने वाले सभी वाणिज्यिक वाहनों के लिये, जो लघु खनिज ले जा रहे हैं, ट्रांजिट पास लेना अनिवार्य कर दिया है।
- परिवहन और भंडारण रोकथाम नियम, 2019 के तहत, राज्य ने एक नया नियम लागू किया है जिसके अनुसार बिहार में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों को, जो रेत, पत्थर, पत्थर के चिप्स, मुरम और पत्थर की धूल जैसे लघु खनिज ले जा रहे हैं, उन्हें ट्रांजिट पास (TP) प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
- इस कदम का उद्देश्य राजस्व के रिसाव को रोकना, अवैध खनन एवं परिवहन को रोकना और खनिजों की सीमा-पार गति को डिजिटल रूप से ट्रैक करना है।

### बिहार की सेमीकंडक्टर पॉलिसी, 2026

- मार्च, 2026 में बिहार सरकार ने अपनी व्यापक औद्योगिकीकरण रणनीति के तहत सेमीकंडक्टर नीति 2026 शुरू की। बिहार मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत इस नीति का उद्देश्य निवेश आकर्षित करना, रोजगार के अवसरों का सृजन करना और सेमीकंडक्टर तथा इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योगों को बढ़ावा देकर बिहार को पूर्वी भारत के एक प्रमुख प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में स्थापित करना है।
- यह नीति सेमीकंडक्टर उत्पादन और उससे संबंधित क्षेत्रों के लिये एक सहायक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करके बिहार में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने का प्रयास करती है। यह राज्य सरकार की 'सात निश्चय-3 : समृद्ध उद्योग, सशक्त बिहार' की परिकल्पना के अनुरूप है।
- इस नीति के तहत परियोजना लागत के प्रत्येक 100 करोड़ पर 1 प्रति एकड़ की प्रतीकात्मक दर से भूमि आवंटन, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क और भूमि रूपांतरण शुल्क में छूट तथा परियोजना लागत कम करने के लिये पूंजी अनुदान प्रदान किये जाएंगे।

## बिहार 'नक्सल-मुक्त' राज्य घोषित

- फरवरी, 2026 में बिहार सरकार ने घोषणा की है कि वरिष्ठ माओवादी विद्रोही सुरेश कोड़ा उर्फ मुस्तकीम के आत्मसमर्पण के बाद राज्य अब माओवादी-मुक्त हो गया है। सशस्त्र संघर्ष की माओवादी विचारधारा में निहित नक्सलवाद दशकों तक बिहार के लिये एक प्रमुख आंतरिक सुरक्षा चुनौती रहा है। वर्ष 2005 का जहानाबाद जेल हमला जैसी घटनाएँ अतीत में विद्रोही गतिविधियों की तीव्रता को रेखांकित करती हैं।
- सुरेश कोड़ा बिहार और झारखंड क्षेत्रों में सक्रिय एक दीर्घकालिक माओवादी कमांडर था तथा राज्य के सबसे वांछित उग्रवादियों में शामिल था। कोड़ा ने मुंगेर जिले में बिहार पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (STF) के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
- बिहार सरकार और पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि नक्सल प्रभावित रहे जिलों में अब किसी भी प्रकार की सक्रिय सशस्त्र माओवादी टुकड़ी मौजूद नहीं है। इस प्रकार राज्य को प्रभावी रूप से माओवादी प्रभाव से मुक्त घोषित किया गया है।

## अपराध की तीव्र जाँच हेतु मोबाइल फोरेंसिक व्हीकल

- दिसंबर, 2025 में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में आपराधिक जाँच प्रक्रिया में तीव्रता लाने के उद्देश्य से मोबाइल फोरेंसिक व्हीकल्स का उद्घाटन किया।
- ये व्हीकल्स घटनास्थल पर तुरंत जाँच शुरू करने के लिये विकसित किये गए हैं, जिससे सैंपलों को दूरस्थ प्रयोगशालाओं तक पहुँचाने में होने वाली देरी को कम किया जा सके।
- घटनास्थल पर त्वरित फोरेंसिक विश्लेषण से जाँच की गति बढ़ेगी, साक्ष्यों की गुणवत्ता में सुधार होगा और न्याय सुनिश्चित करने की प्रक्रिया में तीव्रता आएगी।

## बिहार सरकार ने JP सेनानियों की पेंशन दोगुनी की

- अगस्त, 2025 में बिहार सरकार ने जयप्रकाश (JP) आंदोलन सेनानियों के लिये पेंशन में वृद्धि की घोषणा की। ये वे व्यक्ति हैं, जिन्हें आपातकाल (1975-77) के दौरान समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण के आंदोलन (1974) का समर्थन करने पर कारावास में डाला गया था।
- यह कदम, इन सेनानियों के संघर्ष एवं बिहार के विकास में उनके योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

  **नोट** : 5 जून, 2025 को जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति के आह्वान की 51वीं वर्षगाँठ मनाई गई, जिसे JP आंदोलन के रूप में भी जाना जाता है। यह आह्वान 5 जून,1974 को पटना के गांधी मैदान में जयप्रकाश नारायण द्वारा किया गया था।
- **पेंशन में वृद्धि**
  - ➔ छह माह से अधिक अवधि तक जेल में रहने वाले सेनानियों को अब 15,000 रुपए से बढ़ाकर 30,000 रुपए प्रति माह पेंशन दी जाएगी।
  - ➔ जिन लोगों को छह माह तक जेल में रहना पड़ा, उनकी पेंशन 7,500 रुपए से बढ़ाकर 15,000 रुपए प्रति माह कर दी जाएगी।
  - ➔ पेंशनभोगी की मृत्यु की स्थिति में उनके जीवित पति या पत्नी को भी समान पेंशन राशि प्राप्त होगी।
- **जेपी सेनानी सम्मान पेंशन योजना के बारे में**
  - ➔ यह समायोजन जेपी सेनानी सम्मान पेंशन योजना के अंतर्गत आता है, जिसे वर्ष 2009 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा प्रारंभ किया गया था।
  - ➔ इस योजना का नाम प्रतिष्ठित समाजवादी नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नाम पर रखा गया है।

## बिहार के सीताकुंड मेले का प्रबंधन

- बिहार के मुंगेर में सीताकुंड मेला, जो राज्य के सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन आकर्षणों में से एक है, का प्रबंधन अब बिहार राज्य मेला प्राधिकरण अधिनियम, 2008 के तहत बिहार राज्य मेला प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा, ताकि मेले के संचालन को सुव्यवस्थित किया जा सके और क्षेत्र में इसका महत्त्व बढ़ाया जा सके।

### ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्त्व

- सीताकुंड मेला प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा (जनवरी अंत या फरवरी) से लेकर फाल्गुन पूर्णिमा (आमतौर पर मार्च तक आयोजित होता है) जिसमें मुंगेर और आसपास के जिलों से लाखों लोग आते हैं।
- प्रत्येक वर्ष लगभग 5,000 विदेशी पर्यटक भी पूजा और पर्यटन के उद्देश्य से मंदिर में आते हैं।

### सीताकुंड का धार्मिक महत्त्व

- ➔ गंगा नदी के तट पर स्थित सीताकुंड वह स्थल माना जाता है, जहाँ माता सीता ने अग्नि परीक्षा दी थी।
- ➔ यहाँ पाँच पवित्र कुंड स्थित हैं, जिनमें से एक कुंड से निरंतर गरम जल बहता है, जो सीता की पवित्रता की अग्नि परीक्षा का प्रतीक है, जबकि अन्य चार कुंडों में ठंडा जल रहता है।

### मेला प्रबंधन और विकास

- ➔ बिहार राज्य मेला प्राधिकरण के अंतर्गत आने के कारण मेले को अब संगठन, आधारभूत संरचना और प्रबंधन बेहतर होगा।
- ➔ ये मेला न केवल बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देता है, बल्कि स्थानीय समुदायों के लिये रोजगार भी उत्पन्न करता है।

## बिहार में 'राज्य सफाई कर्मचारी आयोग' का गठन

- जुलाई, 2025 में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन की घोषणा की, जिसका उद्देश्य राज्य में सफाई कर्मचारियों के कल्याण, संरक्षण और सामाजिक-आर्थिक उत्थान को सुनिश्चित करना है।
- यह आयोग विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी करेगा तथा उनके अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करेगा।
- आयोग में एक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पाँच सदस्य होंगे, जिनमें एक महिला और एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति शामिल होंगे। इस समावेशी संरचना का उद्देश्य सफाई कार्यों में लगे समाज के हाशिये पर पड़े वर्गों की चिंताओं का समाधान करना है।